Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 22-12-2005

Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh

>

Title : Regarding need to conduct a survey for laying of a new railway line from Konch to Dibiapur Railway Station in Uttar Pradesh.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन) : मान्यवर, मेरे लोकसभा क्षेत्र जालोन गरौठा, उ.प्र. में एट से कोंच एक शटल चलती है। सन् 1978 में, जब केंद्र में जनता पार्टी की सरकार थी, उस समय कोंच से भेड़ जालौन से औरय्या होते हुए डिवियापुर स्टेशन से रेलवे लाइन को जोड़ने का प्रस्ताव पास हुआ था। इसमें सर्वे के बाद कुछ मिट्टी का कार्य भी हुआ था इसके बाद कार्य रूक गया। यदि प्रस्ताव पर पुनः कार्यवाही होती है, तो जनपद जालौन के साथ जनपद औरय्या के दोहात की जनता इसका लाभ ले सकेगी। स्वतंत्रता के बाद से अभी तक जालौन नगर एवं औरय्या जनपद के नागरिकों को रेल की सुविधा प्राप्त नहीं हुयी है। इस क्षेत्र की लगभग 50 लाख जनता इससे लाभान्वित होगी।

अतः मेरी केंद्र सरकार से मांग है, उक्त जगह का पुनः सर्वे कराकर बजट में धन आवंटन कराने की कृपा करें और पुनः कार्य शुरू करायें ताकि पिछड़े क्षेत्र का विकास हो सके।